प्रादेशिक समाचार

15.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ ईडी ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका, समन मामले में उच्च न्यायालय से मुख्यमंत्री को झटका, चुनौती याचिका खारिज।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ज्यूरेख पहुंचने पर हुआ स्वागत, दावोस में विश्व आर्थिक मच की वार्षिक बैठक समेत विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

3. भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने कहा–ऊपर तक पहुंच रही वसूली की राशि।

4. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची में नमो पतंग महोत्सव का आयोजन, ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा का हुआ प्रदर्शन।

5. रांची में हॉकी का रोमांच, पुरूष एचआईएल में अब से थोड़ी देर बाद सूरमा हॉकी क्लब और एचआईएल जीसी क्लब के बीच मुकाबला।

****

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में झारखंड पुलिस की छापेमारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की है। इस मामले की सुनवाई कल होगी। पुलिस आज मनी लाउंड्रिंग मामले में पीएचईडी के एक कर्मचारी की ओर से एयरपोर्ट थाने में दर्ज प्राथमिकी के बाद ईडी कार्यालय छापेमारी करने पहुंची थी। इधर ईडी कार्यालय में पुलिस की मौजूदगी को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने इस कार्रवाई को केंद्रीय जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

****

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। श्री सोरेन की चुनौती याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। रांची सीजेएम कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान आदेश को मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। गौरतलब है कि ईडी ने रांची में जमीन से जुड़े एक मामले में श्री सोरेन को समन जारी किया था।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का 11 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का ज्यूरिख पहुंचने पर भारतीय राजदूत मृदुल कुमार ने स्वागत किया। गौरतलब है कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में 19 से 21 जनवरी तक प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। इसका उद्देश्य निवेश की संभावनाओं से झारखंड को एक प्रमुख निवेश का गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना है। इस दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। श्री साहू ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लूट और वसूली की राशि सत्ता शीर्ष तक पहुंच रही है।

****

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 26 जनवरी को कर्तव्यपथ पर आयोजित होने वाले 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दोनों नेता 25 जनवरी से तीन दिन की भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे।

****

विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर झारखंड समेत देशभर में सराहना हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा ने साहिबगंज में प्रेसवार्ता में बताया कि इस योजना को पारदर्शी बनाकर केंद्र सरकार मजदूर वर्ग को सशक्त कर रही है।

****

मकर संक्रांति के अवसर पर रांची के मोरहाबादी मैदान में नमो पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच बड़ी संख्या में पतंगें वितरित की गईं, जबकि जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोगों के बीच कंबल और खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है और पतंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वीर सैनिकों की तस्वीरें उसी गौरव और विजय का प्रतीक हैं।

****

भारत मौसम विज्ञान विभाग का आज स्थापना दिवस मनाया गया। वर्ष 1875 में आज ही के दिन इसकी स्थापना हुई थी। इस अवसर पर रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने स्कूली बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत कराया।

****

राज्य के उत्तर पश्चिमी, मध्यवर्ती और दक्षिणी भागों में शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है। सर्द हवाओं से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। पिछले चौबीस घंटे के दौरान खूंटी जिले में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। राज्य के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। थोड़ी राहत की बात यह है कि दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है, जिससे ठंड का प्रकोप थोड़ा कम होगा।

****

रांची में इन दिनों हॉकी का भी रोमांच दिख रहा है। पुरूष एचआईएल हॉकी में आज सूरमा हॉकी क्लब और एचआईएल जीसी क्लब के बीच अब से थोड़ी देर बाद मुकाबला होगा। इधर कल खेले गये मैच में रांची रॉयल्स ने एसजी पाइपर्स को, जबकि कलिंगा लांसर्स ने हैदराबाद तूफांस को पराजित किया।

********समाप्त*********